तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 25 जनवरी 2024



12 एलडब्ल्यूई प्रभावित क्षेत्रों की योजनाओं के ...



12 कृषि कालेज के रासेयो शिविर में छात्रों को सीखा ...



## खबर संक्षेप



### रामोत्सव पर मरकाटोला में कलशयात्रा निकाली

**धनेलीकन्हार।** अयोध्या में प्रभु राम चंद्र के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ग्राम मरकाटोला में कलश यात्रा निकाल कर नव निर्माणधीन राम मंदिर व शीतला मंदिर में पूजा अर्चना राम उत्सव मनाया गया। नाकापारा में नव निर्मित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में प्रवेश शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा पूजा अर्चना कर रामायण पाठ व भोजन भंडारा कराया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच गायत्री धुर्वा, उप सरपंच नारद साहू, मानस मंच समिति अध्यक्ष चमन यादव, संयोजक मुक्तेश्वर सिंह ठाकुर मुन्ना, शांता ठाकुर, मनीष पांडेय, माखन गंजीर, मनीष साहू, बिरेश गंजीर, गोपाल जायसवाल, बसंत नेताम, राजू साहू, मणिशंकर सिन्हा, ढाकेश गंजीर, जंगल चिराम, इतवारी यादव व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रही।

### पराक्रम दिवस चित्रकला स्पर्धा में 100 शामिल



**कांकेर।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार 23 जनवरी को परीक्षा पर चर्चा किताब एग्जाम वारियर में सुझाए गए बिंदुओं और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान की सफलतम परियोजना चंद्रयान 3, खेलों में भारत की सफलता, विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं पराक्रम दिवस थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन केन्द्रीय विद्यालय में किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजू गोस्वामी ने बताया केंद्रीय विद्यालय में 100 विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिनमें जिले के केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, शाउमावि सिदेसर, शाउमावि नरहरदेव, शाउमावि सिंगारभाट, शाकन्याउमा विद्यालय, शाउमावि इच्छापुर, शाउमावि आतुरगाँव, सरस्वती शिशु मंदिर, जेपी इंटरनेशनल, पैराडाईज और सेंट माइकल स्कूल के विद्यार्थी शामिल रहे।

### मौत के प्रकरण पर चार लाख की सहायता मंजूर

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत तहसील कांकेर के ग्राम माटवाड़ा मोदी निवासी 30 वर्षीय सीता मंडावी की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके आश्रित जगमोहन मंडावी को कलेक्टर अभिजीत सिंह ने चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान कांकेर तहसीलदार द्वारा हितग्राही के खाते में डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से किया जाएगा।

### गड्ढा खुदा पर दो माह बाद में नहीं लगा टावर



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड कोयलीबेड़ा के ग्राम एनहूर में टावर लगाने गड्ढा खोदा गया है, लेकिन टावर नहीं लगाने खोदे गए गड्ढे में मवेशी गिरकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीण महेश कुमार ध्रुव ने बताया कि जिओ कंपनी की टावर स्थापित करने के लिए दो महिने पहले गड्ढा खोदा गया है, लेकिन टावर स्थापना नहीं किया जा रहा है। खुले में गड्ढा होने के कारण मवेशी बकरी, सुअर गिरकर घायल हो रहे हैं। टावर नहीं लगाना है तो गड्ढे को समतल किया जाएं, जिससे हो रही दुर्घटना पर विराम लग सके।

# अन्नदान का पर्व छेरछेरा पुन्नी में होती है किसानों के परिश्रम की चांदनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पौष माह की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाने वाला छेरछेरा पर्व दान देने का पर्व है। किसान अपने खेतों में साल भर मेहनत करने के बाद अपनी मेहनत की कमाई धान को दान देकर छेरछेरा त्यौहार मनाते हैं। माना जाता है कि दान देना महापुण्य का कार्य होता है, किसान इसी मान्यता के साथ धान का दान देकर महान पुण्य का भागीदारी निभाने के लिए छेरछेरा त्यौहार मनाते हैं। जानकारी के अनुसार पौष माह की पूर्णिमा तिथि आज यानी 25 जनवरी गुरूवार को छेरछेरा त्यौहार पौष पूर्णिमा पौष मास शुक्ल पक्ष पुर्णिमा तिथि अर्थात छत्तीसगढ़ी बोली में पूश पून्नी को मनाया जाता है। । छेरछेरा त्यौहार का कोई शुभ मुहूर्त नहीं होता है, पूर्णिमा तिथि को दिन और रात को शुभ माना जाता है। किसान इस समय तक अपने खेतों से फसल काटकर अपने घरों भण्डारण कर चुके होते हैं, छेरछेरा त्यौहार किसानों एवं अन्न से जुड़ा हुआ त्यौहार है। इस दिन बच्चे अपने गांव के सभी घरों में जाकर छेरछेरा कहकर अन्न का दान मांगते और सभी घरों में अपने कोठी अर्थात अन्न भंडार से निकालकर सभी को अन्नदान करते हैं। गांव के बच्चे टोली बनाकर घर-घर छेरछेरा मांगने जाते हैं। बच्चों के अलावा गांव की महिलाएं पुरुष बुजुर्ग सभी वर्ग के लोग टोली में छेरछेरा त्यौहार मनाने घर घर जाकर छेरछेरा दान मांगते हैं। इस पर्व पर किसी भी जाति धर्म का कोई प्रतिबंध नहीं है, कांकेर में छेरछेरा त्यौहार सभी वर्ग जाति एवं सम्प्रदाय के लोग मनाते हैं। इस दिन को बड़ा ही पवित्र एवं शुभ दिन माना जाता है।

## छेरी के छेरा छेरछेरा...माई कोठी के धान ला हेरहेरा...की हांक लगाते हैं और दान पाते हैं

- महिलाओं ने पौष पूर्णिमा में नदी और तीर्थ स्नान के विधान का पालन किया

### कोठार भरा पूरा रहे का मिलता है आशीर्वाद

ग्रामीण इलाकों में ऐसी मान्यता है कि प्राचीन समय में राजा, जहां रुपए-पैसों का दान करते थे, वहीं आमजन अपने कोठार में रखे धान , चावल का दान करते थे, जो भी मांगने आता था वह धान भेंट में लेकर 'कोठार भरा-पूरा रहे का आशीर्वाद देकर जाता था।




### कामकाज छोड़, हमें दे दान

इस पर्व पर बच्चे गाते हैं कि छेरी के छेरा, छेर बरतनिन छेरछेरा, माई कोठी के धान ला हेरहेरा, इसका तात्पर्य है कि हे घर की मालकिन अपना सारा कामकाज छोड़छाड़ दो और अपने कोठार में रखे दान में से कुछ अनाज हमें दान में दो। भगवान तुम्हारे घर के अनाज का कोठार हमेशा भरा रखे, कभी खाली न हो। आवाज सुनकर पूरे सम्मान के साथ बच्चों को दान दिया जाता है। किसान यह मानते हैं कि दान देने से उनके घर में सुख समृद्धि बनी रहती है।

## बदहाल मौसम : मंगलवार से जारी बूंदा-बांदी का आज भी रहेगा प्रभावी


# बारिश-बदली से कंपकंपाया कांकेर दिनभर सूर्यदेव के नहीं हुए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- 23 जनवरी को खरीदा गया खुले में रखा धान हुआ गीला, जिम्मेदारों की लापरवाही उजागर

मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट बदली। सुबह से ही कोहरा छाया रहा और हल्की बारिश कांकेर शहर को छोड़ ग्रामीण ईलाके में हुई वहीं बुधवार की सुबह साढ़े तीन बजे से बूंदाबांदी के बाद आधा घंटे जमकर बारिश हुई। सुबह की हुई बारिश के बाद दिन पर बदली छायी रही और सूर्य भगवान के दिनभर दर्शन नहीं हुई। बारिश हो जाने से खरीदी केंद्रो में खुले में रखा धान गीला हो गया, इससे समिति को कितना नुकसान होगा, यह आने वाला समय ही बताएगा। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले गुरूवार 25 जनवरी तक ऐसी स्थिति बनी रहेगी। इसलिए न्यूनतम तापमान में और





गिरावट आ सकती है, जिससे ठंड और बढ़ने लगेगी। बारिश, बदली और पूरे दिन चली कंपकंपती हवाओं का असर कांकेर पर दिखा। लोग अपने घरों में ही दुबके रहे। ठंडी हवाएं दिनभर चलती रही, जिसकी वजह से लोग घरों से बाहर नहीं निकले। सरकारी कार्यालय भी सूने रहे। बुधवार का कांकेर का बाजार दिन होने के बाद भी ज्यादा दुकानें नहीं सजी। सड़को पर आवागमन भी कम दिखाई दिया। इस मौसम का प्रभाव लोगों के जनजीवन पर भी दिखाई दिया। मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मध्य महाराष्ट्र और उससे लगे विदर्भ तथा तेलांगाना के ऊपर 0.7 किमी. की ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाएं आ रही है जबकि दक्षिण से नमी युक्त अपेक्षाकृत गर्म हवाओं का आगमन लगातार जारी है, जिसके कारण प्रदेश क मध्य भाग में बादल छाएं हुए है और हल्की वर्षा की स्थिति बनी हुई है।

### उत्तर से आने वाली सर्द हवाओं से बढ़ी ठिठुरन

उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के चलते छत्तीसगढ़ में ठंड वापिस लौट आई है। रात के साथ ही दिन का भी तापमान 3 से 5 डिग्री तक लुढ़का है। दिनभर ठिठुरन भरी हवाओं से परेशानी बढ़ गई है, वहीं बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण बुधवार को भी बारिश देखने को मिली। हवाओं की दिशा बदलने के कारण सर्दी ने जोर पकड़ लिया है। द्रोणिका के असर के कारण कांकेर में ठिठुरन बढ़ गई है। प्रदेश के कई इलाकों में बादल छाए रहे और बारिश हुई, जिसकी वजह से सुबह, रात और दोपहर में भी ठंड और ज्यादा बढ़ गई है। सर्दी से ठिठुर रहे लोग मजबूरन अलाव व हीटर का सहारा ले रहे हैं।

### समिति प्रबंधकों की लापरवाही, धान भीगे

समितियों के द्वारा 23 जनवरी को खरीदा गया धान खुले में रखे होने और 24 जनवरी की अलसुबह साढ़े तीन बजे के आसपास बारिश हो जाने से खुले में रखा धान गीला हो गया। हरिभूमि की टीम सुबह 8 बजे नाथियानवांगांव धान खरीदी केंद्र पहुँची, जहाँ पर उस समय एक भी कर्मचारी नहीं था और 23 जनवरी को खरीदा गया धान खुले में रखा था, जो पूरी तरह से गीला हो गया था। ऐसे कई केंद्र है, जहाँ पर खुले में रखा धान पूरी तरह से गीला हो गया। कई खरीदी केंद्रो में ड्रैनेज नहीं होने के कारण जमीन में धान के बोरे रखे थे, जो बारिश में गीले हो गए, इस तरह से गीले हुए धान की गुणवत्ता का खराब होना तय है। इसमें पूरी तरह से लैंपस प्रबंधक व खरीदी केंद्र प्रभारी की लापरवाही देखने को मिली।

# पत्नी पर जानलेवा हमला, सिर में गंभीर चोट, पुलिस जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



बांदे थानांतर्गत पति के द्वारा शादी के बाद पत्नी से लगातार मारपीट कर रहा था वहीं 22 जनवरी को जान से मारने की नीयत से मारपीट किया, जिससे मेंरे सिर पर गंभीर चोट आई है और ऊंगली को तोड़ दिया है। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

बांदे थाना में शिकायत करने पहुँची पीव्ही 79 निवासी 31 वर्षीय रेश्मा भक्त पति दिपंकर भक्त ने पुलिस को बताया कि मेरा विवाह पीव्ही 79 निवासी दिपंकर भक्त पिता सपन भक्त के साथ लगभग 15 साल पहले हुआ था और मेरी एक बेटी है। विवाह के बाद से आए दिन मेरे पति मेरे साथ गाली गलौच मारपीटर करते हुए आ रहे है। मुझे मेरे मायके पक्ष वालो के साथ बातचीत करने नहीं देते है, मुझे बिना बताए कई दिनों तक गायब रहता है। मुझे अपने बच्चों के लालन पालन में काफी परेशान रहती हूं। मुझे अपने घर चालने के लिए पर्याप्त रूपया व राशन नहीं देता है। घर से मुझे हमेशा भगा देने की धमकी देता रहता है।

जान से मारने की धमकी भी देता रहता है। मेरा पति 22 जनवरी को जान से मार डालने की नियत से मेरे साथ मारपीट किए जाने से मेरे सिर पर ईंट हमला बोल दिया और ऊंगली को तोड़ दिया एवं हाथ के जोर से मरोड़ दिया। कुर्सी से भी हमला किया, जिससे मुझे गंभीर चोट आई और खून बहने लगा।

बांदे पुलिस ने प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506, भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# 2 बाइक की भिड़ंत में 1 गंभीर मामला दर्ज और विवेचना शुरू

**कांकेर।** चारामा शहर में चार माह पहले सड़क दुर्घटना में घायल हुए छात्र ईलाज करवाने के उपरांत 23 जनवरी को आरोपी बाईक चालक के खिलाफ शिकायत किया। शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

जानकारी के अनुसार चारामा थाना में शिकायत करने पहुँचे मनीष कुमार तिवारी ने पुलिस को बताया कि मैं नाकापारा चारामा का रहने वाला हूँ और पढाई करता हूँ। मैं 28 अक्टूबर की रात 10 बजे के लगभग मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएन 7378 से कोरर चौक घरेलू काम से गया था। कोरर चौक से काम समाप्ति के बाद मोटर सायकल से अपने घर नाकापारा वापिस आते समय दीनदयाल चौक चारामा एनएच 30 मेन रोड के पास रात्रि 10.30 बजे पहुंचा था कि उसी समय अचानक बस स्टैण्ड की ओर से दीनदयाल चौक चारामा के क्रासिंग पर अचानक मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 04 एलबी 1603 के चालक राकेश साहू के द्वारा तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर साईड से मेरी मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मुझे गंभीर चोट लगा था।

राहगीरों के द्वारा सरकारी अस्पताल चारामा में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, उपचारकर्ता डाक्टर के द्वारा मेरे पैर के चोट के कारण स्वास्थ्य बिगड़ता देख बेहतर ईलाज के लिए हायर सेंटर रिफर कर दिया था। रायपुर में लगभग 04 माह तक मेरा उपचार कराया गया, वहां पर मेरे पैर का आपरेशन किया गया था। अस्पताल से वापिस आने के बाद रिपोर्ट लिखाने पहुँचा हूँ। चारामा पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी बाईक चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 338 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने छात्र-छात्राएं हेल्पलाइन एप पर पंजीकृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में स्वीप एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वधान में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं का नाम मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए वोटर हेल्पलाईन एप में रजिस्ट्रेशन कराया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्रो को फॉर्म 6, 7 एवं 8 की जानकारी दी गई। स्वीप के नोडल अधिकारी एवं एनएनएस के कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार साहू ने बताया कि फॉर्म 6 नए वोटर का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए, फॉर्म 7 मतदाता सूची से नाम कटवाने एवं फॉर्म 8 मतदाता सूची में संसोधन कराने के लिए उपयोग किया जाता है। छात्र-छात्राओं को निर्वाचन ▶▶| शेष पेज 10 पर

# कम्पोस्ट खाद निर्माल्य विसर्जन रथ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज :चारामा



शिव शम्भू परिवार व युवा शक्ति समाज सेवी संस्था द्वारा नगर पंचायत चारामा में निर्माल्य विसर्जन रथ का शुभारंभ 23 जनवरी को किया गया। संस्था के अध्यक्ष उत्तम साहू ने कहा कि फल, फूल, पत्ते को यहा कम्पोस्ट खाद बनाया जाएगा। प्रत्येक मंगलवार को ई रिक्शा सेवा रथ गाड़ी आएगी जो एकत्र करके कम्पोस्ट खाद बनाने में उपयोग किया जाएगा। इस कार्य की शुरुआत श्रीराम सत्ता चौक से प्रारंभ किया गया।

नगर के पांच मंदिर जिसमें श्रीराम जानकी मंदिर, दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर, शनि देव मंदिर एवं श्रीराम सत्ता चौक शिव मंदिर से भगवान से फूल, बेल पत्र जो भगवान में अर्पण होते है। प्रत्येक मंगलवार को सेवा रथ की गाड़ी मंदिरों में पहुंचेगी, जिसे एक जगह एकत्रित कर कंपोस्ट खाद बनाने के लिए सेवा रथ के माध्यम से पहुचाया जा रहा है। नगर वासियों से अपील की जा रही है कि फूल पत्ते को नदी तालाब व डबरी में विसर्जित न करे, नदियों को स्वच्छ बनाए रखे। पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के साथ जल संरक्षण के लिए भी लोगों को ध्यान देने की जरूरत है। मंदिर से भगवान में चढ़े फूलो को एकत्रित कर यथा योग्य स्थान पर पहुंचाया गया, इसमें कांच और पालीथीन न डालने को कहा गया। कार्यक्रम में शिव शम्भू परिवार से पूर्णिमा छाटा, ज्योति सोनकर, नमिता महावीर, पुष्पा देवांगन, निर्मला सिन्हा, दीपिका देवागन, प्रिति सोनवानी एवं युवा शक्ति समाज सेवी संस्था से संरक्षक विजय राय, धर्मेंद्र साहू, देवेंद्र सिन्हा, मदन जैन, भुनेश्वर साहू, महाराज विकास दुबे, युवराज सिन्हा, रवि किरण मानिकपुरी, पंकज सिन्हा उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस अंतिम पूर्वाभ्यास नरहरदेव विद्यालय के परिसर में किया गया

# बरसते पानी में अंतिम रिहर्सल और एकताल पर किया मार्चपास्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को सम्पन्न होने वाले जिला स्तरीय समारोह के सफल आयोजन के अंतिम पूर्वाभ्यास नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिसर में किया गया, जहां मुख्य अतिथि बने सहायक कलेक्टर प्रखर चंद्राकर प्रशिक्षु आईएएस ने राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराकर सलामी लिया। जवानों ने बरसते पानी में एक ताल में मार्चपास्ट कर सभी के दिल को जीत लिया।

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास 24 जनवरी को सुबह 9 बजे प्रारंभ हुआ। मुख्य अतिथि बने सहायक कलेक्टर चंद्राकर का मुख्य समारोह स्थल पर आगमन हुआ, जहां पर कलेक्टर अभिजीत सिंह और एसपी दिव्यांग पटेल ने स्वागत किया, तत्पश्चात मुख्य मंच पर पहुंचकर मुख्य अतिथि ने राष्ट्रध्वज तिरंगा को फहराकर सलामी दी, इसके साथ ही राष्ट्रगान की धुन का वादन किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि के द्वारा परेड ग्राउंड का निरीक्षण जिप्सी में सवार होकर किया गया। इस दौरान कलेक्टर और एसपी भी उनके साथ मौजूद थे। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेशवासियों के नाम संदेश वाचन का अभ्यास किया, तदुपरांत जिला पुलिस बल, होमगार्ड के जवान, बस्तर फाइटर्स, फॉरेस्ट गार्ड्स सहित एनसीसी और स्काउट गाइड कैडेट्स की कुल 14 टोलियों के द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट किया गया तथा मुख्य अतिथि बने सहायक कलेक्टर ने दल प्रमुखों से परिचय प्राप्त किया। इसके पश्चात स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा पीटी एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। पूरे कार्यक्रम के दौरान बारिश होती रही, लेकिन इसके बावजूद मार्चपास्ट में शामिल जवानों और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दे रहे विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह व जोश के साथ बेहतर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल, एसडीएम मनीष साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



### सांसद मोहन रहेंगे मुख्य अतिथि

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिला स्तरीय समारोह में सांसद मोहन मंडावी द्वारा मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्र ध्वज फहराया जाएगा, जिसके सभी प्रायोजित कार्यक्रमों का मिनट टू मिनट अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान विभिन्न नक्सल मोर्चों में शहीद हुए जिले 90 पुलिस जवानों के परिजनों को मुख्य अतिथि के द्वारा शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के उपरांत विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां भी निकाली जाएंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों व मार्च पास्ट में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले दलों को भी स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट किया जाएगा।

### शाला गुणवत्ता की बैठक में मानकों पर चर्चा

**दुर्गुकोंदल।** बीआरसी कार्यालय के सभाकक्ष में शाला गुणवत्ता कार्यक्रम के तहत एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न मानकों जैसे विद्यालय विकास मार्गदर्शन, प्रबंधन, शिक्षण अधिगम, बच्चों के संबलन, एसएमसी की भूमिका, अकादमिक परिणाम के अलावा व्यक्तिगत और सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई, साथ ही विगत दिनों संपन्न नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में अनुपस्थित विद्यार्थियों के कारण को जानने की बात कहीं गई। बैठक में बीईओ एसपी कोसरे ने कहा कि कमजोर बच्चों के चिन्हांकन कर उन पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। बच्चों के शैक्षणिक के साथ साथ शारीरिक, मानसिक व नैतिक विकास पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### खड़ी ट्रक के पीछे जा टकराई बाइक

**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 जटायु शिला के पास मंगलवार को रात लगभग 8 बजे खड़ी ट्रक के पीछे बाइक टकरा गई। घायल बाइक चालक को फरसगांव पुलिस द्वारा उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जानकारी अनुसार ग्राम आलोर कोंदाबेडा निवासी युवक रज्जू लाल मंडावी पिता चरणसिंह मंडावी उम्र 21 वर्षीय कोंडागांव से बाइक में सवार होकर वापस घर आ रहा था। घर वापसी के दौरान नेशनल हाइवे 30 जटायु शिला के पास रोड किनारे खराब खड़ी ट्रक से टकरा कर घायल हो गया। राहगीरों के द्वारा 108 एम्बुलेश में फोन लगाया गया, लेकिन 108 से सम्पर्क नहीं हो आया, इसी बीच फरसगांव थाना प्रभारी नरेश साहू को सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर उन्होंने तत्काल पुलिस पेट्रोलिंग वाहन को दुर्घटना भेजा गया। पुलिस ने अपनी पुलिस वाहन से घायल युवक को उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल युवक ने बताया कि उसकी दादी कोण्डागांव अस्प्ताल में भर्ती हैं। वह अपने दादी को देखने गया था, घर वापस आने के दौरान रास्ते में उसे खड़ी ट्रक नहीं दिखी और वह ट्रक के पीछे टकरा गया। युवक को चेहरे में चोट आई है। फिलहाल घायल युवक का उपचार फरसगांव अस्पताल में जारी है।

### उम्मीद संस्था ने स्वच्छता दीदियों को साड़ी भेंट की गई

**फरसगांव।** उम्मीद सामाजिक संस्था ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में दो दिन पूर्व 24 जनवरी को नगर पँचायत में कार्य करने वाली 16 स्वच्छता दीदियों को नगर के मणिकंचन केंद्र में पहुंचकर सभी को साड़ी भेंटकर सम्मान किया, साथ ही उनके कार्यों की सराहना की। उम्मीद संस्था के सदस्यों ने कहा कि नगर को साफ और स्वच्छ रखने में सफाईकर्मियों स्वछता दीदियों का अहम योगदान होता है। इसलिए हमने इन दीदियों का आत्मीय सम्मान कर उत्साह वर्धन किया है। क्योंकि भारतीय संस्कृति के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान है। इस दौरान उम्मीद सामाजिक संस्था के मो. फिरोज मेमन, डिक्की जायसवाल, भरत भारद्वाज, जैन पाल, रामकुमार भारद्वाज, नरेश गुप्ता सहित सभी स्वच्छता दीदी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम हुआ

**केशकाल।** नगर पंचायत केशकाल के सुरडोगर स्कूल में छात्राओं के बीच आज राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य रूप से रोशन जमीर खान अध्यक्ष नगर पंचायत केशकाल, महेन्द्र नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत केशकाल, अनिल उसेण्डी पार्षद नगर पंचायत केशकाल, अनिकेत साहू एसडीएम केशकाल, प्रकाश साहू बीआरसी केशकाल, महिला बाल विकास के अधिकारी कर्मचारी एव समस्त स्कूल के शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आज शपथग्रहण

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति जिला स्तरीय 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मुख्य आतिथ्य में जिला पंचायत के सभा कक्ष में दोपहर 02 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर 11 बजे सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ भी दिलाई जाएगी।

### शासकीय महिला प्रशिक्षण केन्द्र में मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय महिला बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केन्द्र डीएनके कॉलोनी कोण्डागांव में अध्यनरत बच्चों द्वारा बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ के नारों के साथ जन जागरूकता लाने रैली निकाली गयी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह भी इस आयोजन में शामिल हुए। बेटिया भरेगी ऊंची उड़ान चाहिए बस खुला आसमान, बेटी है कुदरत का उपहार, मत करो इसका तिरस्कार इन्ही उद्देश्यों का जागरूकता लाने के लिए छात्राओं द्वारा विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया।

पेज 9 के शेष

### मतदाता सूची में ...

से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए वोटर हेल्पलाईन नम्बर 1950 की भी जानकारी प्रदान की गई। सेमीनार के कार्यक्रम में सुपरवाईजर बाबूलाल साहू ने निष्पक्ष वोट देने के लिए प्रेरित किया तथा लोकतंत्र में निर्वाचन के महत्व को बताया गया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता सहित एनएसएस के स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बालक गृह का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



24 को जनवरी उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में अम्बा शाह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा सूरज विकास संस्थान बालक गृह कोण्डागांव का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सचिव के द्वारा बालकों के बैड रूम, किचन इत्यादि का निरीक्षण किया गया और उपस्थित कर्मचारीयों को बालकों के लिए शासन की समस्त सुविधाओं को उपलब्ध कराने तथा बालकों के खान पान व स्वास्थय पर विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देश दिया गया। इसके अलावा बालकों को कानूनी सलाह सहायता की जरूरत पड़ने पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के द्वारा निःशुल्क कानूनी सलाह सहायता प्रदाय करने की जानकारी गई।

### मौजूद रहे ये

इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय कोण्डागांव, सुनील कुमार मरकाम पी.एल.व्ही. प्रबंध कार्यालय कोण्डागांव, पारेश्वर देवांगन पी.एल.व्ही. थाना कोण्डागांव एवं बालक गृह कोण्डागांव के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने आयुष्मान महाभियान के कार्यों का किया निरीक्षण, चलाया जा रहा है महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा आयुष्मान महाभियान के शिविरों के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बनियागांव, दहिकोंगा, राजागांव, बड़ेबेन्दरी, बड़ेकनेरा, एवं लखनपुरी में आयुष्मान शिविरों का निरीक्षण करते हुए शिविरों में कार्यरत कर्मचारियों से चर्चा करते हुए उनका प्रोत्साहन किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह को जिले में प्रत्येक व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं शत–प्रतिशत लोगों की सिकलसेल जांच करने निर्देशित किया। उन्होने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए आयुष्मान कार्ड निर्माण के साथ गांव में समस्याओं के संबंध में भी चर्चा की।

### आयुष्मान के लिए चलाया जा रहा महाअभियान

जिले में शासन के निर्देशानुसार शत–प्रतिशत आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए 15 जनवरी से आयुष्मान महाभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले में कुल 05 लाख 75 हजार लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड निर्माण किया जाना है। जिसमें से शेष 01 लाख 30 हजार से अधिक लोगों को अभियान के तहत लक्षित कर महाभियान चलाया गया है। जिसके तहत अब तक 40 हजार से अधिक लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड का निर्माण किया जा चुका है। 31 जनवरी तक अधिक से अधिक लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड का निर्माण किया जाएगा। इस अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ पंचायत के अधिकारी भी सभी ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आयुष्मान निर्माण का कार्य कर रहे है।

## 90 के दशक में प्रथम कारसेवकों का आयोजक समिति ने तिलक वंदन करके स्वागत किया

# श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर भानबेड़ा में शोभायात्रा निकाली और प्रसाद बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई,पूरे देश में उत्सव मनाया गया, इस पल को यादगार बनाने के लिए मेन रोड भानबेड़ा के रंगमंच में भी बड़ी धूमधाम से रामोत्सव मनाया गया,रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे प्रातः काल से श्रद्धालुओं की भीड़ मेन रोड रंगमंच में देखने मिली जिसमें बच्चे, बुजुर्ग, मातृ शक्ति नवयुवक साथी सम्मिलित थे,सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के द्वारा सुबह 10 बजे से भव्य शोभायात्रा मेन रोड हनुमान मंदिर से होते हुए नीचे पारा शीतला मंदिर होते हुए ग्राम के बीच से ऊपर पारा शिव मंदिर होकर वापस रंगमंच तक बाजे गाजे के साथ नाचते झूमते राममय होते शोभायात्रा निकाली गई पश्चात ग्राम के वरिष्ठ जनों का स्वागत अभिनन्दन किया गया, ग्राम पंचायत भानबेड़ा में 90 के दशक में प्रथम कारसेवक के रूप में उपस्थित श्री कोमल सिंग ठाकुर सर को आयोजक समिति द्वारा मंच पर समस्त क्षेत्रवासियों के बीच तिलक वंदन करके स्वागत किया गया एवं शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया जो की ग्राम पंचायत भानबेड़ा के समस्त ग्रामीणों के लिए स्मरणीय पल रहा,मंच के माध्यम से कोमल सिंग ठाकुर सर द्वारा 90 के दशक में कारसेवकों के ऊपर हुए जुल्म पर प्रकाश डाला गया, साथ ही अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण में इतिहास से लेकर वर्तमान तक होने वाली समस्याओं पर सारगर्भित उद्बोधन दिया गया,सभी ग्रामवासियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से ठाकुर सर का अभिवादन किया, कार्यक्रम की रूपरेखा अंतर्गत दोपहर 12 बजे से 12.30 बजे तक टीवी के माध्यम से दूरदर्शन पर अयोध्या का लाइव प्रसारण समस्त श्रद्धालुओं को देखने एवं श्री रामलला की आरती करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, पश्चात दोपहर से रात्रिकालीन बेला तक रामचरित मानस गान हेतु 4 मंडली के कार्यक्रम का आयोजन, समिति द्वारा किया गया था। सर्वप्रथम माँ शारदा मानस मंडली भानबेड़ा ने रामभजन की सुंदर प्रस्तुति देकर सबका मन आनंदित कर दिया, रामभजन में दिनभर मस्त होकर भक्तगण झूमते रहे, दोपहर में समस्त आये श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था भी आयोजन कर्ताओ द्वारा किया गया था,दूसरी मंडली श्री गणेश महिला मानस मंडली तेलावट की सुंदर प्रस्तुति हुई, पश्चात श्री हनुमंत मानस मंडली राजिम कि जानदार प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया, जिसका आनंद समस्त आये श्रद्धालुओं ने खूब उठाया, जमकर नाचे गाये,संध्या भोजन प्रसाद की व्यवस्था के बाद अंतिम मानस मंडली नवज्योति महिला मानस मंडली कन्हारपूरी ने भावपूर्ण अपनी प्रस्तुति देकर रामायण महाआरती करके कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया, रात्रिकालीन 12 बजे कार्यक्रम का समापन हुआ, सभी आये श्रद्धालुओं ने आयोजन कर्ताओं की खूब सराहना की और भरपूर आशीर्वाद दिया ग्राम को राममय करने में समस्त आयोजक समिति के सदस्यों औऱ ग्रामीण नवयुवक साथियों की अच्छी भूमिका रही ,समस्त श्रद्धालुओं ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद ग्राम में सनातन संस्कृति की लहर सदा बनी रहे ऐसा आशीर्वाद दिया,कार्यक्रम के सफल संचालन और संरक्षण में प्रमुख रूप से श्री कोमल सिंग ठाकुर, श्री मेहतर नेताम, श्री भागबली जैन,मोहन चुरेन्द्र, जागेश्वर सिंग नरेटी (सरपंच), रमेश कोर्राम(उपसरपंच),रामिलन शोरी (पंच)कमलेश धनकर,(पंच)कौशल यादव, जितेंद पांडेय,शिव शंकर बंजारा, सूरज नरेटी, कुंती भुआर्य, पिलोबाई यादव, गोदावरी यादव, चंद्रिका यादव,ममता ठाकुर, भगवती धनकर,संतोष बघेल, एवं समस्त श्रद्धालुगण सम्मिलित रहे।

# परीक्षा पर चर्चा के लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राचार्यों की ली गई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ जाति प्रमाण पत्र निर्माण के लिए राजस्व विभाग से समन्वय कर कराये निर्माण : डीईओ

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले के बच्चों को बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम दिलाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी के द्वारा जिले के समस्त प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक डीईओ द्वारा आगामी बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए सभी स्कूलों में पढ़ाई में कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें परीक्षाओं के पूर्व बेहतर रूप से रिविजन कराने के लिए कार्ययोजना तैयार कर ऐसे बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। प्रीबोर्ड परीक्षाओं के दौरान बच्चों को अधिक महत्वपूर्ण विषयों पर अधिक जोर देने एवं उन्हें उत्तर लेखन के संबंध में विशिष्ठ जानकारियां प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। छात्रवृत्ति के शेष प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं किसी प्रकार की समस्या होने पर नोडल अधिकारी को सूचित करने के निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर एसडीएम कोण्डागांव निकिता मरकाम सभी प्राचार्यों को जाति प्रमाण पत्र निर्माण में आ रही समस्या के निराकरण के लिए कलेक्टर के निर्देशानुसार संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारियों से संपर्क कर विशेष शिविरों का आयोजन ग्राम पंचायत अथवा स्कूलों में कराकर सभी बच्चों को स्थायी जाति प्रमाण पत्र निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर डीएमसी महेन्द्र पाण्डे, जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता मिशन वेणु गोपाल राव सहित सभी बीईओ एवं स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन की तैयारी का स्टेडियम ग्राउण्ड में किया गया अंतिम रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



■ विधायक लता उसेण्डी गणतंत्र दिवस समारोह में करेंगी ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय कोण्डागांव के विकास नगर स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में स्थानीय विधायक लता उसेण्डी ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी। गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन के तैयारियों का अंतिम रिहर्सल बुधवार 24 जनवरी को किया गया। इस दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत और पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार ने तैयारियों का जायजा लिया। सभी आवश्यक व्यवस्था एवं तैयारी समय पूर्व सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये।

### जिप सीईओ ने ली अंतिम रिहर्सल में परेड की सलामी

गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन के अंतिम रिहर्सल में मुख्य अतिथि की भूमिका में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा रहे। उन्होंने इस दौरान ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। गणतंत्र दिवस समारोह में परेड कमांडर उप पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार और सेकेंड कमांडर उप निरीक्षक अखिलेश कुमार धीवर के नेतृत्व में भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल की 29वीं और 41वीं बटालियन, बस्तर फाइटर की पुरुष और महिला दल, नगरसेना के जवान, एनसीसी जूनियर डिवीजन के बालक और बालिका दल, राष्ट्रीय सेवा योजना के बालक और बालिका दल, स्काउट दल व गाइड दल की टुकड़ियों मार्चपास्ट का अंतिम अभ्यास किया।

### स्कूली बच्चों की दी फायनल ट्रायल

इसके साथ ही कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा व्यायाम और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अभ्यास भी किया गया। अधिकारियों ने इस मौके पर स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक प्रस्तुति का अवलोकन कर इसे और बेहतर एवं सुरुचिपूर्ण ढंग से तैयारी करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर समस्त जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### सुभाष चंद बोस की जोन्दरा पदर स्कूल में मनाई गयी जयन्ती

**कोण्डागांव।** प्राशा जोन्दरा पदर में मनाई गई नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती। पराक्रम दिवस पर भारत के महान स्वतन्त्रता सेनानी जय हिंद का उद्घोष करने वाले, नेताजी के नाम से विख्यात सुभाष चन्द्र बोस की 127 वी जयंती का आयोजन प्राथमिक विद्यालय जोन्दरा पदर में किया गया। प्रधान अध्यापक मधु तिवारी ने नेताजी की जीवनी व देश की आजादी में उनके साहस, पराक्रम शौर्य गाथा, आजाद हिंद फौज का गठन, स्वतंत्रता संग्राम का प्रसिद्ध नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, जय हिंद के नारे से बच्चों को परिचित कराया। नन्हे नन्हे बच्चों ने नेता जी की वेशभूषा में देश भक्ति के गीतों का गायन प्रस्तुत किया व देशभक्ति के नारे लगाए। उद्बोधन के पूर्व नेताजी के छाया चित्र पर माल्यर्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि आर्पित की। सभी स्कूली बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

आरोपियों ने घटना को अंजाम देने के लिये झारखण्ड से शूटर किया था हायर

# डकैती की तैयारी करते अन्तर्राज्यीय गिरोह को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



### इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

जितेन्द्र शार्दुल पिता रामबरन शार्दुल उम्र 26 वर्ष निवासी बासकोट थाना विश्रामपुरी कोण्डागांव, महताब अली पिता एम डी अली उम्र 37 वर्ष निवासी भिलाई केलाबाड़ी जिला दुर्ग, इशान कुमार गिरी पिता राजकिशोर गिरी उम्र 34 वर्ष निवासी ईरागंज रांची झारखण्ड, प्रहलाद कुमार सिन्हा पिता छबिलाल सिन्हा उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम नारा थाना कांकेर जिला कांकेर, उमाकांत जैन पिता पंकज कुमार जैन उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम नारा थाना कांकेर जिला कांकेर को कोण्डागांव पुलिस ने लूट की योजना बनाते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

बीती रात्रि में कोण्डागांव पुलिस को मुखबिर सूचना मिला कि सफेद रंग की मारूती सूजुकी एस–प्रेसो कार में सवार कुछ संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा बाजारपारा चौक में कोण्डागांव के किसी व्यापारी के घर डकैती करने की तैयारी की जा रही है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव दौलत राम पोर्ते के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक सायबर सेल सतीश कुमार भार्गव सायबर सेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोण्डागांव निमितेश सिंह के नेतृत्व में घटना स्थल बाजार पारा चौक का घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि कोण्डागांव के व्यापारी को बंदूक के नोक एवं तलवार से डरा धमकाकर कर करोड़ों रुपए की डकैती की तैयारी कर रहे थे एवं घटना को अंजाम देने के लिये अपने साथ लाये देशी कट्टा एवं तलवार को पेश किये, जिसे मौके पर जप्त किया गया। व्यापारी के बैंक खाते से रकम निकालने के लिये अपने साथ रांची झारखण्ड से शूटर बुलाना बताये। आरोपियों द्वारा घटना को अंजाम के लिए पिछले महिना भर से कोण्डागांव में व्यापारी की नियमित रूप से निगरानी करना एवं सही मौके का तलाश करना बताये।

### आरोपियों से बरामद सामान

मौके पर ही उक्त आरोपियों से 1 नग देशी कट्टा मय कारतूस, 1 नग तलवार, घटना में प्रयुक्त वाहन मारूती सूजुकी एस–प्रेसो कार, मोबाइल 07 नग मोबाइल फोन, 09 नग एटीएम कार्ड बरामद किया गया है।

### कार्रवाई में शामिल रहे

कार्रवाई मेंथाना कोण्डागांव से निरीक्षक प्रहलाद यादव, उप निरीक्षक शशिभूषण पटेल एवं सायबर सेल से लूमन सिंह भण्डारी, अजय श्रीवास्तव, राजेश मनहर, नरेन्द्र नेताम, संतोष कोडोपी एवं टीम के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तन की जानकारी दी

# तारंदुल में बालिका दिवस पर नारे लगाते हुए निकाली रैली


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



बुधवार को ग्राम पंचायत तरान्दुल में ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे के साथ रैली निकालकर लोगों में जागरूकता लाने हेतु प्रेरित किया गया ,कार्यक्रम की शुरुआत में परियोजना अधिकारी ममता सुखदेव के द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई तथा किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण आहार, बीच में स्कूल छोड़ने,किशोरा अवस्था में होने वाले शारीरिक मानसिक परिवर्तन के बारे में जानकारी दी गई ग्रामीण चिकित्सा सहायक डॉक्टर नवीन पाण्डेय द्वारा किशोरी बालिकाओं को एनीमिया ,कुपोषण ,व्यक्तिगत स्वच्छता तथा बाल विवाह भ्रूण हत्या एवं मासिक धर्म में अनियमितता ,आयरन गोली का सेवन करने आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया।

सेक्टर पर्यवेक्षक अनसूईया साहू द्वारा किशोरी बालिकाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आगे आने एवं एक लक्ष्य निर्धारित कर भविष्य में आगे बढ़ते रहने का और स्वास्थ्य के प्रति अपने ,व अपने परिवार का ,समुदाय का, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरित किया गया। परिवेक्षक कोरर सीता कुरैशी द्वारा सेनेटरी नैपकिन का उपयोग करने नशामुक्ति की जानकारी दी गई ।तथा हॉस्टल अधीक्षका द्वारा गुड टच बैड टच के बारे में जानकारी दी गई ।साथ ही इस कार्यक्रम में बालिकाओं को पुरस्कार वितरण किया गया, तथा सेनेटरी पेट का वितरण किया गया एवं गुब्बारे एवं मेहंदी लगाकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,बेटी भी है घर शान शिक्षा पोषण दे एक समान। आदि संदेश दिया गया। इस पूरे कार्यक्रम में शिक्षा विभाग से हॉस्टल अधिक्षका रेखा एवं स्वास्थ्य विभाग से निर्मला दर्रो सी एच ओ करूणा दर्रो,कार्यकर्ता रामशिला हीरामणि पाल केशरी साहू इंदिरा साहू अनीता नाग रुक्मणी श्यामवती आदेश आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित थे।

# जिला बहुभाषा शिक्षण पर की गई कार्यशाला



**कांकेर।** जिला कार्यालय समग्र शिक्षा कांकेर द्वारा गत दिवस जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांकेर में बहुभाषा शिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें ज़िला कांकेर के 07 विकासखण्डों से 42 शिक्षकों के द्वारा बीआरजी के रूप में एफएलएन के तहत बहुभाषा पर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। कार्यशाला में राज्य स्तर से वर्चुअल माध्यम से राजकुमार चापेकर, एपीसी पेडॉगाजी राज्य कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा विकासखण्ड स्तर से आये शिक्षकों को बच्चों की मातृभाषा में शिक्षण देने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदाय की गई। इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक दिनेश नाग, जिला कार्यालय समग्र शिक्षा कांकेर पंकज श्रीवास्तव, एपीसी मोहन प्रजापति, मनीष साहू उपस्थित रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) भानुप्रतापपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. / 202305140500048/अ-6-अ / 2022-23
ग्राम हरहरपानी, तहसील भानुप्रतापपुर

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चरण सिंह मंडावी पिता रजनू राम एवं परमेश्वर पिता राजेन्द्र, जाति गोंड, निवासी हरहरपानी तहसील भानुप्रतापपुर द्वारा ग्राम हरहरपानी, तहसील भानुप्रतापपुर में खसरा नम्बर 14, 108/4/च, 108/6/ग, 108/6/च रकबा क्रमशः 0.05 0.37 0.20, 0.13 कुल रकबा 0.7500 हे भूमि भू स्वामी हक स्वत्व राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं। आवेदकगण के चाचा खजेन राम पिता सुकदेव की मृत्यु दिनांक 11.07.2021 में हो गई है। आवेदकगण के चाचा खजेन राम निःसंतान होने के साथ कोई वारिस नहीं है। खजेन राम के कोई वारिस नहीं होने के कारण उक्त भूमि का फौती नामांतरण के दौरान ऋण पुस्तिका क्रमांक 26046 में चरण सिंह पिता रजनू राम तथा हिस्सेदार में परमेश्वर पिता राजेन्द्र के नाम पर करवाया गया था। आवेदकगण का नाम उक्त ऋण पुस्तिका में खातेदार एवं हिस्सेदार के रूप में दोनों के पिता का नाम खजेन आ रहा है। जो त्रुटिपूर्ण व गलत है। ऋण पुस्तिका में पिता का नाम खजेन के स्थान पर चरण सिंह पिता रजनू राम एवं परमेश्वर पिता राजेन्द्र दर्ज करवाने हेतु इस न्यायालय में आवेदक द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार दावा/ आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 05/02/2024 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

उक्त तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया ।

**स्थान भानुप्रतापपुर**
**दिनांक - 19/01/2024**
मुहर
अनुविभीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)


SRU
SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY
Approved & Recognized By :
13TH UNIVERSITY IN INDIA WITH "UGC 12 (B)" STATUS
23rd YEARS OF EXCELLENCE
AAROHAN
SPORTS & CULTURAL FEST
29th Jan - 04th Feb, 2024
CASH PRIZES
UPTO
Rs. 3 LAKH
FREE ENTRY
100+ Competition Events For Students
SCAN QR CODE
FOR REGISTRATION
Contact : 9424227761, 9691018833, 9935001770, 9893131147
4TH FEB
SUNDAY
LIVE CONCERT
Bollywood Fame
PAWNI PANDEY
LIVE SHOW
(ENTRY FREE )
5:30 PM to 9:00 PM
VENUE : SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY, NH. 30, POST MANA, NEW DHAMTARI ROAD, RAIPUR

## खबर संक्षेप

### 7 लीटर शराब जब्त कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** चारामा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 24 जनवरी को दोपहर 12 बजे के आसपास जैसाकर्रा आवासपारा तालाब के पास पहुंचकर घेराबंदी कर एक व्यक्ति, पुलिस को देखकर लुक छिप रहा था, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। संदेही की तलाश लिए जाने पर उसके पास से प्लास्टिक जरकिन 05 लीटर वाली में लगभग 02 लीटर हाथ भट्ठी से बना देशी महुआ शराब एवं शराब बिक्री रकम 100 रूपए नगदी जप्त किया गया और आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

### भुरसातरहुल वार्षिक देव मेला फरवरी में

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत तरहुल के आश्रित ग्राम भुरसातरहुल का वार्षिक देव मेला का आयोजन 12 फरवरी को रखा गया है, इसके साथ ही रात्रि कालीन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी /"महतारी के आंसू/"ग्राम संसारगढ़(हरेखापायली) जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी प्रस्तुति होनी है, जिसकी तैयारी ग्रामवासी कर रहे हैं।

### रिश्तेदार ने घर आकर युवती की पिटाई की, मामला दर्ज

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर में कपड़ा दुकान में काम करने वाली युवती के घर पहुंचकर रिश्तेदार ने गाली देते हुए मारपीट किया। युवती की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट करने वाले रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। जानकारी के अनुसार भानुप्रताापुर थाना में शिकायत करने पहुँची दुर्गुकोंदल थाना के ग्राम डांगरा निवासी 23 वर्षीय नीलम नरेटी पिता स्व.बारसु राम नरेटी ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में मैं भानुप्रतापपुर के सलियापारा में किराने के मकान में रहती हूँ। मैं 23 जनवरी को कपड़ा दुकान में काम करके रात को करीबन 9 बजे के आसपास अपने घर पहुँची थी, उसके कुछ समय बाद मेरे रिश्तेदार शंकरनगर भानुप्रतापपुर निवासी अंचल प्रसाद टेकाम पिता विष्णु राम टेकाम मेरे किराए के मकान के सामने आया और मेरी मां को अपशब्द गाली गलौज दिए हो कहते हुए, मुझे गाली देते जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ एवं लात से मेरे मुंह को मारपीट किया है। मारपीट करने से मेरे मुंह मे दोनो होठ मे चोट लगने से खून निकलने लगा और घटना को देखकर आसपास के रहने वाले लोगों ने बीच बचाव किया है। मैने घटना के बारे में मौसा ईश्वर दरपट्टी, भाई नरेन्द्र कुमार नरेटी और अजय कुमार सलाम को बताई हूँ। भानुप्रतापपुर पुलिस ने प्रार्थियां की शिकायत पर आरोपी रिश्तेदार के खिलाफ धारा 204, 323, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### पेंशनर भवन में किया जाएगा ध्वजारोहण

**चारामा।** पेंशनर कल्याण संघ शाखा चारामा के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ 26 जनवरी को 75 वां गणतंत्र दिवस पेंशनर कल्याण संघ कार्यालय में मनाया जाएगा, जिसमें सभी पेंशनधारियों को इस महोत्सव में अपनी उपस्थित प्रदान करें। बलिदानों को उनकी शहादत पर कृतज्ञता व्यक्त कर सके।

# केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं की धनेलीकन्हार में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत केन्द्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जिसमें प्रधानमंत्री अवास योजना के तहत 4 करौड पक्के मकान का निर्मण, 10 करौड से अधिक किसानों को प्रति वर्ष सम्मान निधी योजना के तहत 6 हजार रुपए, हर घर नल, हर घर जल योजना, उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन सहित कई योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी जनपद पंचायत सदस्य राम नेताम, विशिष्ट अतिथि पंचुराम नायक भाजपा मंडल अध्यक्ष धनेलीकन्हार, लोकेश्वर सेन मंडल महामंत्री, अध्यक्षता बिरेन्द्र मारगिया, वरिष्ठ नागरीक गजेन्द्र पोटाई, ग्राम पटेल समधर नरेटी, भावेश आरदे, मंडल भाजपा उपाध्यक्ष कृष्णा साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य राम नेताम ने कहा की सरकार की जनकल्याण योजनाओं की जानकारी का अत्यधिक से अधिक लाभ लेवे, उन्होंने केन्द्र सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी आम जनो को मिले इसके लिए प्रचार प्रसार की आवश्यकता है। आज कई किसानों को सम्मान निधी की राशि नहीं मिल पा रही है, संबधित गाम सेवक को चाहिए की ग्राम में कैप लगाकर संबधित किसानों की समस्या को सुलझाने का प्रयास करे। छत्तीसगढ़ सरकार की चालु हौने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी, जिसका आने वाले समय में अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेने की अपील किया।

## भारत संकल्प यात्रा के तहत किया कार्यक्रम

### मच्छरदानियां बांटी

इस अवसर पर कृषि विभाग के द्वारा स्कुल ग्राउंड में ड्रोन से छिडकांव का डेमो दिखाया गया। कार्यक्रम के तहत लार्भारथी हितग्राहीयों ने मेरी जुबानी मेरी कहानी के तहत अपनी बात रखी, जिसमें कृष्णा साहू, रमेश साहू, सोनऊ मंडावी, सुनिता साहू, मधु मंडावी, हितेश्वरी नायक, हिरमनी देहारी, लीलाबाई यादव, नेहरुराम लाटिया, तोखराज बारला, प्रेम कोमरा, भुजबल तारम, संवरी साहू, जानकी मंडावी रही। कार्यक्रम स्थल पर मच्छरदानी का वितरण किया गया।



### शामिल हुए

इस अवसर पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी विजय रामटेके, मनसा राम साहू, हिरामन चूर्गियां, रमेश साहू, सुकाल फरदिया, व्यास साहू, गीता औरसा, जानकी मंडावी, जयंत्री लाटिया, दिनेश्वरी साहू, लोकेश्वरी रावटे, मोनिका औरसा, कुमारी बाई फरदिया, पुरषोत्तम देहारी, नरसो मंडावी, सागर लाटिया उपस्थिता रहे।

## बैठक : कार्य योजना बनाकर पेश करने का दिया निर्देश

# एलडब्ल्यूई प्रभावित क्षेत्रों की योजनाओं के लाभ शत- प्रतिशत मिलना चाहिए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कलेक्टोरेट सभाकक्ष में एलडब्ल्यूई प्रभावित क्षेत्रों में व्यक्तिमूलक योजनाओं एवं विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर अभिजीत सिंह और पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने जानकारी लिया और दूरस्थ ईलाकों में चल रही योजनाओं को शत प्रतिशत लाभ दिलाने के लिए पहल किया जाना चाहिए।

आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले के दूरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों में कई ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्हें अब तक योजनाओं का माकूल लाभ नहीं मिल पाया है। राज्य शासन के निर्देशानुसार ऐसे क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं का शत प्रतिशत सैचुरेशन करने के उद्देश्य से कार्ययोजना बनाई जानी है, इसके लिए कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिले के ऐसे क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने से वंचित लोगों की सूची तैयार करने और कार्ययोजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिले के प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचने में सुगमता और सुरक्षा के दृष्टिकोण से ग्राम पंचायतों को तीन श्रेणी में चिन्हांकन किया जाना है। उक्त श्रेणी के आधार पर कार्ययोजना बनाकर राज्य शासन को भेजना है। ऐसे ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर उन्हें आवेदन प्राप्त किया जाएगा, जिन योजनाओं के तहत त्वरित लाभ पहुंचाया जा सकता है, ऐसे योजनाओं के तहत शिविर स्थल में ही दस्तावेज या सामग्री का वितरण किया जाएगा। जिले में सुरक्षा बलों द्वारा स्थापित कैंपो के आसपास के गांवों में उपलब्ध नागरिक सुविधाएं जैसे सड़क, पेयजल, स्कूल, आंगनबाड़ी, विद्युत व्यवस्था इत्यादि की जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिए, जहां इनमें से किसी भी सुविधाओं की कमी हैं या वहां किसी भी प्रकार की सुविधा प्रदान करने में छूट की आवश्यकता है, ऐसी स्थिति में भी प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

आयोजित बैठक में कलेक्टर ने डीईओ को निर्देशित किया कि ऐसे क्षेत्रों के स्कूलों में ड्राप आउट बच्चों की जानकारी प्राप्त कर उन्हें पुनः स्कूल आने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जिले के स्कूलों में आवश्यकतानुसार पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था हो, कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन नहीं होना चाहिए। साथ ही उन्होंने छात्रावासों विशेषकर कन्या छात्रावासों में सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा संवेदनशील क्षेत्रों में सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ मोबाईल नेटवर्क की स्थिति, सड़क निर्माण की स्थिति, रिक्त पदों पर भर्ती एवं वन अधिकार पत्र का वितरण पर चर्चा हुई। साथ ही वन अधिकार पट्टाधारियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए गए। आयोजित बैठक में जिलास्तर के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

# 75वें गणतंत्र दिवस पर रंगारंग कार्यक्रमों की जबर्दस्त तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

आजादी के बाद भारत को एक लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के लिए देश का संविधान आधिकारिक तौर पर 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। तब से हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। भारत का एक राष्ट्रीय पर्व है जो प्रति वर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है। इस वर्ष 2024 में भारत का 75वां गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा।

सन 1950 को भारत सरकार अधिनियम 1935 को हटाकर भारत का संविधान लागू किया गया था, यह भारत के तीन राष्ट्रीय अवकाशों में से एक है । गणतंत्र दिवस को राष्ट्रीय पर्व के तौर पर मनाते हैं व इस दिन पूरे देश में जश्न का माहौल होता है। इस अवसर पर क्षेत्र के स्कूल-कॉलेज, सरकारी और गैर सरकारी दफ्तरों में झंडा रोहण किया जाएगा। देशभक्ति के नारे के साथ प्रभातफेरी निकाली जाएगी और भारत की गौरवपूर्ण गाथा को गाकर गर्व महसूस किया जाएगा। 26 जनवरी के मौके पर आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य एसडीदास, एकलव्य विद्यालय में बैजनाथ नरेटी, जनपद पंचायत में संतो दुग्गा अध्यक्ष जनपद पंचायत, खंड शिक्षा कार्यलय में मनीषा मंडावी अध्यक्ष शिक्षा समिति, कृषि विभाग में कृषि सभापति, वन विभाग में वन सभापति, महिला एवं बाल विकास कार्यालय, अटल चौक, थाना, बीएसएफ कैम्प, स्वास्थ्य विभाग, आसपास के स्कूलों में ध्वजारोहण के साथ रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बच्चे प्रतिभाग करेंगे।

# 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर समारोहपूर्वक ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मुख्य निर्वाचन अधिकारी छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के द्वारा महाविद्यालय के समस्त महाविद्यालयीन परिवार को शपथ दिलाया गया।

आयोजित मतदाता दिवस कार्यक्रम में शपथ से पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य ने संदेश दिया कि मतदान एवं मतदाता क्यो आवश्यक हैं, लोकतंत्र के लिए मतदाता एवं मतदान दोनों ही अतिआवश्यक है। क्योंकि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैं। अब्राहम लिंकन के वाक्यों को याद करते हुए कहा जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा शासन लोकतंत्र है तो हर व्यक्ति स्वतंत्र नागरिक, स्वतंत्र मतदाता है। अंत में उन्होंने समस्त महाविद्यालयीन परिवार को संदेश दिया की निर्भिक होकर, स्वतंत्र होकर, बिना डरे, सक्षम एवं सुदृढ़ होकर सरकार बनाना चाहिए, स्वयं एवं दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम को सफल और सार्थक बनाने में डॉ. व्हीके रामटेके, डॉ. लक्ष्मी लेकाम, डॉ. एसआरबंजारे, डॉ. एलआरसिन्हा, प्रो. शरद ठाकुर, प्रो. एनआर साव, डॉ. बसंत नाग, डॉ. कमला ठाकुर, डॉ. आर कुलदीप, प्रो. सुरेन्द्र कुमार सिन्हा, प्रो. सुमिता पण्डेय, स्वीप कार्यक्रम अधिकारी सुधीर सोवानी, एनएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अलका केरकेट्टा, डॉ. आशीष नेताम सहित समस्त कार्यालयीन कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं की भूमिका रही।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर वितरित की गई पाठ्य सामग्री

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शाउमा विद्यालय मेड़ों में ग्रुप ऑफ अभिलाष समूह द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और भारत सरकार द्वारा बालिका दिवस मनाने की शुरुआत 2008 में संयुक्त रूप से प्रारंभ किया गया था। इस दिवस की शुरुआत समाज में बालिकाओं की स्थिति में सुधार लाने के लिए की गई थी। राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने के रूप में लड़कियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। ग्रुप ऑफ अभिलाष के फाउंडर तृप्ति गजभिए के द्वारा लोगों को जागरुक करते हुए कहा गया कि बालिकाओं को हमें अच्छी शिक्षा देनी जरूरी है। अगर वे स्वयं शिक्षित होगी तो वह नई पीढ़ी को अच्छी शिक्षा दे पाएंगे, जिससे हमारा समाज और देश प्रगति की ओर अग्रसर हो पाएगा। साथ ही उन्होंने बालिकाओं को मोटिवेट करते हुए कहा कि हमें अपने



मनोबल को सदैव ऊंचा रखना है। अच्छी शिक्षा प्राप्त कर समाज निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाना है। ग्रुप के सदस्यों के द्वारा बालिकाओं को पाठ्य सामग्रियाँ भी वितरित किया गया तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में ग्रुप ऑफ अभिलाष के सदस्य रामशिला कोमरे, चंद्रिका जैन, बेंनबती मसीहा, नीरा, कविता कोमरा, पुष्पा सिन्हा, उमेश्वरी, सुमित्रा तथा समूह की अन्य बालिकाएँ सम्मिलित रही।

### पीएससी की परीक्षा 11 फरवरी को होगी

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक भर्ती परीक्षा 11 फरवरी दिन रविवार को पूर्वान्ह 10 से 12 बजे तक प्रथम पाली एवं अपरान्ह 03 बजे से शाम 05 बजे तक द्वितीय पाली की परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में जिले के 4779 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा परीक्षा का सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर अशोक कुमार मारबल को नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक शिक्षा लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में 15 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही अलबेलापारा, शासकीय पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविन्दपुर, सेंट माईकल हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर, शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल, शासकीय महिला आईटीआई, डाईट, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल डुमाली, कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल लट्टीपारा, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट तथा शासकीय कन्या हॉस्टल हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल गढ़पिछवाड़ी, शासकीय कन्या हाई स्कूल मांझापारा, पैराडाईज हायर सेकेण्डरी स्कूल ईमलीपारा और कृषि एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभाट कांकेर शामिल हैं।

# पाराटोला में मितानिनों का 6 दिवसीय प्रशिक्षण, 23 विषयों पर देंगे जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

स्वास्थ्य मितानिन कार्यक्रम के तहत विकासखंड दुर्गुकोंदल के पाराटोला में कार्यरत मितानिनों को 6 दिवसीय 28वां चरण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विकासखंड दुर्गुकोंदल में कुल 430 मितानिन कार्य कर रही हैं, जिन्हें 23 विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। विकासखंड मुख्यालय में अबतक 315 मितानिन प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने क्षेत्र में प्रशिक्षण में मिली जानकारी के अनुसार लोगों को सुविधाएं पहुंचा रही हैं। वर्तमान में 115 मितानिनों का प्रशिक्षण चल रहा है। मितानिन कार्यक्रम ब्लाक समन्वयक चंद्रिका पटेल, निर्मला नाग, स्वस्थ पंचायत ब्लाक समन्वयक पार्वती सोरी ने बताया कि मितानिनों को 28वां चरण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गर्भवती में खतरे के लक्षण सुमन कार्यक्रम, बीमार नवजात की देखभाल, कंगारू विधि से नवजात बच्चों को गर्म रखना, स्तनपान संबंधी समस्याएं, निमोनिया, सुरक्षित गर्भपात, महिलाओं के सुरक्षा के लिए कुछ कानूनी अधिकार, अस्पताल में मरीज के अधिकार, मितानिन कार्यक्रम के मूलभूत सिद्धांत, अनियमिता के ख़तरों से बचाव, बीपी, सिकलसेल एनिमिया, कुपोषण, पोषण एवं खून की कमी, मोतियाबिंद एवं आंखों की अन्य समस्याएं, दांतों की देखभाल, कुत्ते द्वारा काटाजाना और रेबिज, लू लगना, खुजली, चेचक, टाइफाइड, आयोडिन के बचाव के लिए नमक का रख रखाव कैसे करें, मितानिन कल्याण कोष अंतर्गत नए प्रावधान की जानकारी विषय पर आवासीय प्रशिक्षण दी जा रही है। मितानिन जागरूक और अपने कार्य पर सजग हैं। मितानिनों के कार्य स्वास्थ्य के क्षेत्र में ग्रामीण अंचलों में जनजागृति आई है। लोग बीमार होने पर मितानिनों के मदद से सीधे अस्पताल पहुंच कर इलाज करवाकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। प्रशिक्षण मितानिन प्रशिक्षक अपर्णा हास, केशर सिन्हा, कपूर ठाकुर, सुमित्रा झरिया, सावित्री कुलदीप, चंदर नायक, गीता देहारी, शांति कल्लो, जयंती मंडल, आयतू पुड़ो, रत्ना बेपारी व अन्य दे रहे हैं।

## प्रभात फेरी निकाली और किया व्यायाम का अभ्यास

# कृषि कालेज के रासेयो शिविर में छात्रों को सीखा अनुशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र सिंगारभाट के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह ग्रामवासियों, महाविद्यालय स्टाफ के सहयोग व अधिष्ठाता डॉ. एनके रस्तोगी के मार्गदर्शन में ग्राम-बेवरती में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम प्रमुख पीलाराम नेताम, विशिष्ट अतिथि ग्राम गायत झाडूराम नेताम एवं ग्राम भगत सियाराम नेताम रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी अधिष्ठाता सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पीके नेताम ने किया। कार्यक्रम की शुरुवात ग्राम देवी देवताओं के पूजन से हुई। समारोह में मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थी जीवन में सफल होने के लिए अनुशासन, विनम्रता एवं शिक्षकों द्वारा दिए जाने वाले सीख का अनुशरण करते रहना चाहिए। प्रभारी अधिष्ठाता सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नेताम ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा सात दिवस में शिविर की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी एवं शिविर में सहभागिता के लिए ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। स्वयंसेवक गौरव पात्रा व यशवंत कुमार ने शिविर के अनुभवों को साझा करते हुए दैनिक क्रियाकलापों जैसे प्रभात फेरी, व्यायाम, योग प्राणायाम, स्वच्छता बौद्धिक परिचर्चा, पारंपरिक खेलकूद आदि से अवगत कराया। शिविर में विभिन्न विभागों के सहयोग से टीकाकरण, यातायात जागरूकता, कृषि संबंधित जानकारी तथा स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक, स्लोगन आदि के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार नेताम ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय स्टॉफ एवं प्राध्यापकगण डॉ. पीएस मरकाम, डॉ. जेएल सलाम, डॉ. पीयूष कांत नेताम, इंजी. गंगाधर, अनिल कुमार उसेण्डी, गोपाल सिंह नेताम, नेहा कंवर, प्रदीप कुमार गंजीर, डॉ. उर्मिला भगत, डॉ. जागृति पटेल, डॉ. अमित, अंशुमाला कुजूर व सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

